तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

13 तहसील साहू संघ ने वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय

12 किल्लेकोड़ा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया




## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुरूर**। ग्राम कोचवाही में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी जानकारी सुबह लगने पर परिवार के साथ गांव मे शोक व्याप्त हो गया। जिसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोचवाही निवासी उमेंद नेताम 50 वर्ष ने रात्रि का खाना परिवार के साथ खाने के बाद रात्रि में टहलने जाने की बात को लेकर निकला था तथा रात को वापस घर नही आया जिसके बाद परिजनो द्वारा उनकी खोजबीन करते हुए अपने पुराने मकान पहुंचे तो वहां आम के पेड़ में उमेंद्र नेताम का शव लटकते मिला जिसके बाद परिजनो द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव का पंचनामा कर शव का पीएम करने के बाद परिजनो को शव सौप दी गई।



### नाबालिग बेटी के लापता रिपोर्ट दर्ज, जांच जारी

**बालोद**। एक पिता ने अपने बेटी के गायब होने की रिपोर्ट लिखाते हुए अज्ञात व्यक्ति द्वारा ले जाने की बात कह अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाया है। जिसके बाद पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिले के एक ग्राम में पिता ने पुलिस को बताया कि अपने घर में अपनी पत्नी एवं 03 बच्चे के साथ रहता हूं। जिसमें बड़ी लड़की 15 वर्ष 10 माह जो कक्षा 8वीं तक पढाई की है एवं वर्तमान में पढाई छोड कर घर में रहती है। 07 सितंबर 2025 को गणेश विसर्जन करने के बाद मेरी बड़ी लडकी शाम करीबन 04.30 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई है जो शाम–रात तक घर वापस नही आने पर आस पास, गांव में एवं रिस्तेदारों में पता तलाश किया जिसका कोई पता नही चला। मुझे संदेह है कि मेरी नाबालिग लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर मेरे वैध संरक्षण से भगाकर ले गया है।

### युवक की पिटाई 4 पर मामला दर्ज

**बालोद**। चार युवको ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट कर दी जिसके बाद पीड़ित युवक ने चार युवको के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम डोटोपार निवासी भुपेन्द्र कुमार निषाद ने पुलिस को बताया कि 07 सितंबर को रात्रि करीबन 08.30 बजे गणेश विसर्जन के बाद मैं अपने दोस्त कपिल साहू, डग्गु साहू, योगी साहू के साथ दंतेश्वरी मंदिर डोटोपार के मंच में बैठकर बातचीत कर रहे थे, मैं कपिल साहू को बोला कि शाम को झांकी देखने आमदी चलेंगे क्या, बोल ही रहा था कि उसी समय ऐश्वर्य साहू आया और बोला कि फोकट का दारू पीता है और ज्यादा बात करते हो बोले, उसके बाद मैं बोला कि मैं फोकट का दारू क्यों पीयूंगा, मेरे पास पैसा रहता है तभी पीता हूं बोलने पर कपिल साहू बगल से आया और धक्का देकर मंच से गिरा दिया, फिर मैने कहा मुझे क्यो धक्का दिये हो, मैं तो तुम्हारे साथ झांकी देखने जाउंगा बोल रहा था, इतना बोलते ही कपिल साहू, डग्गु साहू, योगी साहू और ऐश्वर्य साहू चारों एक राय होकर पुरानी रंजिश की बात को लेकर मुझे गाली गुप्तार कर हाथ मुक्का व लात से मारपीट किये, जिससे मेरे बाएं आंख के उपर, सिर में एवं बाएं पैर एड़ी के उपर चोट लगा है एवं पूरे शरीर में दर्द हो रहा है। मेरे पिताजी बाहर होने से घटना के बारे में बताकर 10 सितंबर को मेरे पिताजी के आने पर पिताजी सोमनाथ निषाद एवं ग्राम के हरीश साहू, मनोज यादव के साथ थाना रिपोर्ट दर्ज कराने आया हूं।

# हड़ताल से अस्पतालों में लटके ताले, उपचार के लिए भटक रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अंचल में स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही है। चिखलाकसा सहित जिले के अधिकांश स्वास्थ्य केंद्रों में ताले लटक गए हैं। हालात यह हैं कि रोजाना 200 से 300 मरीज निराश होकर लौट रहे हैं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर हमर अस्पताल और हमर लैब तक यही स्थिति है। एनएचएम कर्मचारियों की 18 अगस्त से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल ने ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के मरीजों की कमर तोड़ दी है। आमतौर पर सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में बीपी, शुगर जैसी बीमारियों के लिए दवाइयां और नियमित ब्लड शुगर जांच निःशुल्क होती थीं, लेकिन अब मरीजों को इन्हीं सामान्य दवाओं और जांच के लिए निजी मेडिकल स्टोर और लैब का रुख करना पड़ रहा है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ असहनीय साबित हो रहा है। जानकारी के अनुसार बालोद जिले में प्रतिदिन 500 से 700 मरीजों की जांच सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में होती थी। एक स्वास्थ्य केंद्र में औसतन 100 से 150 ब्लड सैंपल रोज लिए जाते थे, जिनमें छोटे टेस्ट वहीं पूरे हो जाते थे और थायरायड जैसे बड़े टेस्ट हमर लैब भेजे जाते थे। लेकिन हड़ताल की वजह से सारी व्यवस्था ठप है।

### प्राइवेट में इलाज कराने मजबूर हो रहे मरीज




**महिलाएं सर्वाधिक परेशान**

गर्भवती महिलाओं को और अधिक परेशानी हो रही है। नियमित ब्लड टेस्ट और दवाओं के अभाव में उनके स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा है। कई गांवों से मरीजों ने बताया कि निजी लैब में जांच कराने के लिए उन्हें 500 से 1000 रुपये तक खर्च करना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए यह बोझ भारी पड़ रहा है।

**संक्रमण**

**उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप, किया जा रहा प्राथमिक इलाज**

# गंजईडीह में फैला डायरिया 27 मरीजों का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम गंजईडीह के वार्ड एक, दो और तीन में लोगों को बीते तीन दिनों से उल्टी दस्त की शिकायत हो रही है। रविवार से ग्राम में उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई, उस दिन कुल तीन लोगों को शिकायत हुई, जिसमें एक युवती किमन बाई 17 वर्ष की स्थिति ज्यादा खराब होने की दशा में उसे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया। वही सोमवार को कुल चार लोगों को शिकायत हुई। मंगलवार को कुल 9 लोग पीड़ति हुए। वहीं बुधवार को भी चार लोगों को शिकायत हुई। अभी तक कुल 27 लोगों को शिकायत हुई है। 19 लोगों का इलाज नगर के अस्पताल में व छः लोगों का देवरी के अस्पताल में चल रहा है। दो पेशेंट रिफर हुए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम के कला मंच में कैम्प लगा कर रखा है, जहां प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार संबंधित वार्ड के लोग हैंडपंप व सार्वजनिक कुंए के पानी का उपयोग करते हैं। संभवतः पानी की खराबी के कारण से दिक्कतें शुरू हुई हैं। पीएचई विभाग द्वारा हैंडपंप व कुंए के पानी का सेम्पल भी लिया गया है। पानी के जांच के बाद ही स्थिति क्लियर होगा। वहीं ब्लीचिंग पाउडर आदि का छिड़काव भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है व पानी उबालकर पीने व अन्य सावधानी बरतने सलाह दी जा रही है। उल्टी-दस्त के लक्षण शुरू होने की स्थिति में तुरंत ही स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करने व इलाज शुरू करने की हिदायत भी दी जा रही है। बुधवार तक कुल 27 लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत हो चुकी है, जिनका इलाज नगर व देवरी के शासकीय अस्पताल में चल रहा है। नगर के शासकीय अस्पताल में हरिला बाई 35, रुपाली 18, अरुण 18, भुनेश्वरी 36, वारनी 15, सानिया 16, हुलपत 38, लोकांत 15, खेमलाल 45, मुस्कान 18, करुणा 20 लोमन 20, किरण 15 कांति 34, दुगढी 3, शैलेन्द्र 16, बोधन 39, डोमन 36 मिथलेश 20 वर्ष का इलाज जारी हैं। संजीवनी 108 द्वारा पीड़तिों को लाया जा रहा है, जिसमें से 7 लोगों को देवरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसमे से धनंजय 40 को मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। वहीं बाकि का इलाज देवरी अस्पताल में चल रहा है। लोहारा से एक व देवरी से एक यानि कुल दो पेशेंट रिफर किए गए हैं।

▪ हैंडपंप व सार्वजनिक कुएं के पानी की जांच की जा रही



**गंभीर मरीजों को रिफर किया जा रहा**

बीएमओ डॉ. विनोद चौरका ने बताया कि पिछले तीन दिन से ग्राम में उल्टी दस्त की शिकायत मिल रही है। पीड़ति लोगों के इलाज विधिवत ड्रिप आदि से किया जा रहा है। किसी भी तरह के लक्षण दिखाई देने की स्थिति में तुरंत ही इलाज लेने की सलाह दी गई है। पानी उबालकर पीने व खानपान स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत मानिटरिंग की जा रही है।

# ई रिक्शा पलटी, चालक सहित 4 छात्र-छात्राएं घायल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद-दुर्ग मुख्य मार्ग पर गंजपारा शराब दुकान के पास एक टीवीएस वाहन चालक की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। शराब खरीदने की जल्दबाजी में अचानक गाड़ी मोड़ने से एक ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार चार स्कूली छात्राएं और चालक घायल हो गए।

गुरुवार सुबह, जमरेवा निवासी ई-रिक्शा चालक फिरोज कुमार साहू चार छात्राओं को लेकर आत्मानंद स्कूल, आमापारा जा रहा था। जब वे गंजपारा शराब दुकान के पास पहुंचा, तो उनके आगे चल रहे टीवीएस वाहन चालक ने बिना किसी इंडिकेटर के अचानक अपनी गाड़ी शराब दुकान की ओर मोड़ दी। ई-रिक्शा चालक ने टक्कर से बचने के लिए तुरंत ब्रेक लगाया, जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक फिरोज कुमार साहू के साथ-साथ चार छात्राएं भी घायल हुईं, दीक्षा सिन्हा कक्षा 2, डोषिता सिन्हा कक्षा 4, भूमिका साहू कक्षा 11 और तारिणी साहू कक्षा 10वीं शामिल हैं। सभी घायल छात्राओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। घटना के बाद, टीवीएस वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो पक्षो में पुराने जमीन विवाद को लेकर मारपीट व गाली गलौज हो गई जिसके बाद दोनो ही पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने दोनो ही पक्षो के खिला अलग अलग धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जिसमे प्रथम पक्षकार ग्राम नहर खपरी थाना रनचिरई निवासी रघुवीर कुमार ढीमर पिता स्व. बिरेन्द्र राम ढीमर 25 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मछली मारने एवं रोजी मजदूरी का काम करता हूं। 10 सितंबर को रात्रि करीबन 07 बजे गांधी चौक से खाना खाने अपने घर जा रहा था। रास्ते में मेरा दोस्त धनंजय यदु पिता राज कुमार यदु मिला जिसके साथ बात करते पैदल नब्बू खान के घर के पास पहूंचा था। वहीं पर मेरा चाचा हलधर ढीमर, फूफा महावीर ढीमर पहले से खडा था। जो मुझे देखकर पुरानी जमीन विवाद की बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए दोनो लोग हाथ मुक्का से मारपीट किये, मारपीट करने से मेरे सिर के बांये तरफ दर्द हो रहा है तथा दाहिना हाथ के सबसे छोटी उंगली में चोट आकर दर्द हो रहा है, मारपीट गाली गुफ्तार करते सूनकर मेरी मां बिसंतिन बाई ढीमर व मेरा दोस्त धनंजय यदु एवं मेरा बडा भाई योगेन्द्र ढीमर बीच बचाव किये हैं, जिसके बाद पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया हैं। दूसरे पक्षकार ग्राम नहर खपरी थाना रनचिरई निवासी रोहिणी बाई पति महावीर ढीमर 42 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मछली मारने एवं रोजी मजदूरी का काम करती हूं। हम लोग सभी भाई बहन आपस में 06 माह पुर्व बटवारा हो चुके हैं, 10 सितंबर को रात्रि करीबन 07 बजे घर पर थी मेरा पति महावीर ढीमर घर के बाहर गली में बैठकर मोबाईल से बात कर रहा था उसी समय मेरा छोटा भाई हलधर ढीमर हमारे घर के पास आकर बताया कि मै तुम्हारे मछली पकड़ने के चिराही को लेकर गया था रास्ते में रघुवीर ढीमर मिला जो मेरे साथ मारपीट किया है।

तभी मेरे पति के मोबाईल में फोन आया तो बात कर रहा था उसी समय भतिजा रघुवीर कुमार ढीमर आया और पुरानी जमीन विवाद की बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे पति महावीर ढीमर को अपने हाथ में पकडे लकडी के डण्डा से मार रहा था मैं बीच बचाव करने गयी तो रघुवीर कुमार ढीमर अपने हाथ में पकडे लकडी के डण्डा से मेरे दाहिने कंधा तथा अंगुठा मे मारपीट किया है तथा मेरे पति महावीर ढीमर के बांये कंधा में तथा दोनो पैर के घुटना में मारपीट किया है तथा भाई हलधर के दाहिने हाथ के भुजा, बांये हाथ के कोहनी में मारपीट कर चोट पहूंचाया है। जिसके बाद पीड़िता की रिपोर्ट पर मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

▪ दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाया जान से मारने की धमकी देने का आरोप



# युवती से दो लाख की धोखाधड़ी, अपराध दर्ज

**बालोद**। ऑनलाइन सामान खरीदने के बहाने एक युवती के साथ 2,20,716 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम भिलाई की रहने वाली लोकेश्वरी साहू ने पुलिस में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। लोकेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया कि 24 अगस्त को उन्हें टेलीग्राम पर एक मैसेज मिला, जिसमें ऑनलाइन काम करके पैसे कमाने का लालच दिया गया था। शुरुआत में उन्होंने मना किया, लेकिन धोखेबाजों ने उन्हें लगातार व्हाट्सएप पर मैसेज और कॉल करके काम के लिए राजी कर लिया। उन्हें यूनिलो नाम की एक वेबसाइट पर लॉगइन करने के लिए कहा गया, जहां उन्हें छोटे-छोटे ऑर्डर पर बोनस मिलने का झांसा दिया गया। शुरुआत में 175 रुपये का छोटा लाभ दिखाने के बाद, उन्होंने अलग-अलग दिनों में कई यूपीआई लेनदेन के माध्यम से पैसे जमा करना शुरू कर दिया। जैसे-जैसे वे पैसे डालती गईं, धोखेबाज और पैसे की मांग करने लगे। जब लोकेश्वरी ने पैसे वापस ▶▶| शेष पेज 12 पर

▪ ठग ने ऑनलाइन काम कर पैसे कमाने का दिया था लालच

# 21 से 25 दिसम्बर तक होगा सांसद खेल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में जनपद सीईओ उमेश रात्रे द्वारा समस्त सचिवों की समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। जिसमें सचिवों को निर्देशित किया गया, कि सांसद खेल महोत्सव फिट युवा फोर विकसित भारत के तहत इच्छुक प्रतिभगियों का पंजीयन सांसद खेल महोत्सव पोर्टल पर किया जाना है, यह प्रक्रिया दिनांक 21 सितंबर 2025 से 25 दिसम्बर 2025 तक होना है।

उसके लिये समस्त पंचायतों में प्रचार प्रसार करते हुये इच्छुक युवाओं को एकल खेल एवं सामुहिक खेल के प्रतिभागी आयुवर्ग पुरूष, महिला 18 वर्ष तक, 18–40 वर्ष तक, 40 वर्ष से अधिक के प्रतिभागियों द्वारा खो–खो, कबडडी, बॉलीबाल, 100 मीटर दौड़, रस्साकस्सी, गेड़ी दौड़, गिल्ली डंडा, लंबी कूद हेतु पंजीयन दिनांक 11 सितंबर 2025 से 25 सितंबर 2025 तक किया जाना है, जो 07 कलस्टर में खेलकूद आयोजित होना है।

एकीकृत बाड़ी विकास कार्यक्रम हेतु गौठान चयन समूह के एवं लिये जाने वाले गतिविधियों की सूची सहित दिये जाने समस्त सचिवों को निर्देशित किया गया। धरती आबा अंतर्गत चयनित ग्राम स्तरीय समिति सरपंच, सचिव, मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्रधान पाठक का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में दिनांक 12 सितंबर 2025 को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें चयनित 11 ग्राम के समिति के सदस्यों द्वारा खण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर से प्रशिक्षण प्राप्त किया जायेगा। उक्त ग्रामों में निवासरत जनजतिया परिवार को लाभावित किये जाने हेतु विजन तैयार किया जायेगा। 15वें वित्त के समस्त पूर्ण कार्यो में कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास पूर्णता एवं जियो टैग पूर्णता, मनरेगा के तहत अमृत सरोवर को विकासित करने, एनआरएलएम, एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओ में आवश्यक प्रगति लाने के दिशा–निर्देश दिए। उक्त बैठक के दौरान अतिरिक्त सीईओ आरएल.सिरमौर एवं एनके.बागड़े, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा योगेश देवांगन, साथ ही अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

▪ अलग-अलग आयु वर्ग के लिए होगी विभिन्न प्रतियोगिताएं



### राजस्व सचिव कंगाले ने पोर्टल के महत्व और उद्देश्यों की दी जानकारी

# एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों को मिलेगी विभिन्न सेवाएं और जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव रीना बाबा साहब कंगाले ने एग्रीस्टेक में किसान पंजीयन, डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य, खरीफ फसलों की गिरदावरी तथा धान खरीदी के भौतिक सत्यापन एप्प पर प्रशिक्षण माड्यूल के संबंध में जिला कलेक्टरों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में राजस्व सचिव कंगाले ने भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए एग्रीस्टेक पोर्टल के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने शत प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित जिला कलेक्टर एवं अधिकारियों को दिए। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला खाद्य अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में उपस्थित होकर वर्चुअल बैठक में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

बैठक में राजस्व सचिव कंगाले ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन के कार्य के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीस्टैक भारत सरकार की एक डिजिटल पहल है जिसका उद्देश्य किसानों को एक ही जगह से विभिन्न सेवाएं और जानकारी प्रदान करना है। इसमें किसानों को एक डिजिटल पहचान (किसान आईडी) दी जाती है, जो उन्हें सस्ते ऋण, बीज और उर्वरक, तकनीकी जानकारी, बाजारों तक पहुंच और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करती है।

यह इंडिया डिजिटल इकोसिस्टम ऑफ एग्रीकल्चर की एक रूपरेखा है, जो केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोग और उन्नत तकनीकों जैसे जीपीएस, एआई, एमएल और उपग्रह डेटा के उपयोग पर आधारित है। उन्होंने कहा कि किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में कंगाले ने 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की संभावित तिथि के संबंध में भी जानकारी दी।

कंगाले ने कहा कि 2 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत किसानों के पंजीयन, निर्धारित रकबा आदि की संपूर्ण जानकारी का वाचन किए जाने की भी जानकारी दी। आज आयोजित वर्चुअल बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य के अंतर्गत 15 सितंबर से 31 अक्टूबर तक की जाने वाली भौतिक सत्यापन एप्प के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



# खाद वितरण में गड़बड़ी, राठी भंडार पर कृषि विभाग ने की कार्रवाई

## कृषि विभाग की जांच में खुलासा, किसान ने नहीं मिली खाद, फिर भी रिकॉर्ड पर चढ़ा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के किसान लंबे समय से खाद-बीज के संकट से जूझते रहे। अब अन्य उर्वरक को लेकर उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बुधवार को एक और बड़ी सामने आई, जिसमें किसान ने उर्वरक उठाया ही नहीं है लेकिन पॉश मशीन में रिकॉर्ड हो गया है। जांच के बाद इसका खुलासा हुआ। कृषि विभाग ने राठी भंडार केंद्र अरमरीकला पर इस मामले में कार्रवाई की है। उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। बता दें कि जिले में खाद की किल्लत बनी हुई है। इधर निजी फर्म जमकर कालाबाजारी कर रहे हैं। उर्वरकों की कालाबाजारी, होर्डिंग, डायवर्सन एवं अन्य गतिविधियों की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। इधर कृषि विभाग का दावा है कि सतत निगरानी की जा रही है। उर्वरक केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। अनियमितता की स्थिति में संबंधित विक्रय केन्द्र के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई भी का जा रही है। बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### पीएसओ मशीन में दर्शाई जा रही गलत जानकारी, किसान हो रहे परेशान

इधर कृषि विभाग की जांच में गड़बड़ी सामने आई है। अरमरीकला के मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार एवं मेसर्स गांधी कृषि केन्द्र द्वारा कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से आवश्यकता से अधिक मात्रा में उर्वरक विक्रय परिलक्षित हुई। उक्त विक्रेताओं से उर्वरक क्रेता कृषकों से व्यक्तिगत संपर्क कर बयान लिया गया। इसके अनुसार पाया गया कि कृषकों द्वारा खरीफ फसल हेतु क्रय किये गये उर्वरक मात्रा से अत्यधिक मात्रा विक्रेता द्वारा मशीन में उनके नाम से दर्ज किया गया है, जिन कृषकों द्वारा प्रतिष्ठान से उर्वरक क्रय ही नहीं किया है। उनके नाम से भी पीओएस मशीन में विक्रय मात्रा दर्ज की गई है। तथा निर्धारित दर से अधिक दर पर कृषकों को उर्वरक का विक्रय प्रतिष्ठान द्वारा किया गया है।



### सेंटर पर मारा छापा, स्टाक में मिली गड़बड़ी

संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गभेल से मिली जानकारी अनुसार कृषकों के बयान लेने के बाद निरीक्षण दल ने मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार अरमरीकला के विक्रय परिसर तथा खाद गोदाम का निरीक्षण किया। प्रतिष्ठान में उपलब्ध स्कंद पंजी एवं क्रेताओं को जारी किये गये विक्रय देयक एफसीओ 1985 में प्रावधानित प्रारूप अनुसार नहीं पाया गया। स्कंद पंजी में दर्ज आवक मात्रा विक्रेता द्वारा थोक विक्रेताओं से क्रय किये गये उर्वरक के इनवाइस के अनुसार नहीं पाया गया। विक्रेता द्वारा क्रेताओं को जारी किये गये विक्रय देयकों में विक्रेता के लायसेंस नंबर एवं उर्वरक के बैच नंबर का उल्लेख नहीं पाया गया। विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से किये गये विक्रय के विरूद्ध अधिकांश क्रेताओं को विक्रय देयक ही जारी नहीं किया गया है। कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3 दिन में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमतः कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### 17 से सेवा पखवाड़ा, होंगे सामाजिक कार्य

**दुर्ग।** ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रेस्ट हाउस नगपुरा में अंजोरा मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा को लेकर आयोजित बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। चंद्राकर ने बताया कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। इस पखवाड़े में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और गरीब वर्ग तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। यह अभियान पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगा और कार्यकर्ताओं को सामाजिक सरोकार से जोड़ने और जनता तक सीधा पहुंचने का एक बड़ा अवसर होगा।

### प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज ने मनाया तीज मिलन

**दुर्ग।** प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज दुर्ग ने पंचवटी मैरिज पैलेस में हर्षोल्लास से तीज मिलन कार्यक्रम मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष तूलिका तिवारी ने किया। उद्बोधन प्रदेश उपाध्यक्ष आशा शुक्ला ने व्यक्त किया। मंच संचालन सचिव ज्योति द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में सभी ने समाज की प्रगति और छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा से आने वाली पीढ़ी की अवगत कराने पर जोर दिया।

## पेज 11 का शेष

### युवती से दो लाख ...

मांगे, तो उन्हें बताया गया कि पैसे वापस नहीं मिलेंगे, जब तक कि वह और पैसे न डालें। इस तरह अलग-अलग नामों जैसे बलविंदर, पृथ्वीराज, सौरभ गाथे, शाहिद आफरीदी, विशाल सिंह और कमलेश प्रजापत के खातों में कुल 2,20,716 रुपये जमा करा दिए गए। जब उन्होंने अपने घरवालों को इस बारे में बताया, तो उन्हें और पैसे डालने से मना किया गया। इसके बाद, उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## यूरिया की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान पहुंचे कलेक्टोरेट

# 26 सोसाइटियों में नहीं यूरिया, बाकी जगहों पर किल्लत, सरकार नहीं चाहती है बेहतर उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

किसानों के लिए यूरिया खाद की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता दर्जनों बैलगाड़ी में सवार होकर कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इससे पहले राजीव भवन शनिचरी बाजार में सभा हुई। सभा के बाद रैली की शक्ल में कार्यकर्ता बीजेपी कार्यालय के सामने से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान बीजेपी कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की गई। कलेक्टोरेट में कलेक्टर अभिजीत सिंह को बुलाने को लेकर जमकर विवाद हुआ। बाद में लिखित में आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। यूरिया की कमी और 266 रुपए की यूरिया की कालाबाजारी होने पर कांग्रेसी और किसानों ने प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जिले में यूरिया की भारी कमी है। इससे उत्पादन प्रभावित होगा। सरकार नहीं चाहती कि वे प्रति एकड़ हिसाब से 21 क्विंटल धान खरीदी, इसलिए साजिश रची जा रही है। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा ठीक नहीं है। पहले डीएपी का संकट और कमी और अब यूरिया खाद की कमी सरकार स्वयं नहीं चाहती कि किसानों का 21 क्विंटल धान उत्पादन हो और सरकार को लेना पड़े पूर्व में भूपेश बघेल की सरकार में कभी ऐसी किल्लत और खाद की कालाबाजारी नहीं हुई।

### गाड़ा-बैला में सवार होकर कांग्रेस नेताओं ने निकाली रैली



### 260 का यूरिया बाजार में बिक रहा 1200 रुपए में

धीरज बाकलीवाल ने कहा कि सोसाइटी में खाद नहीं पहुंच रहा है, लेकिन कालाबाजारी के लिए दुकानदारों के पास यूरिया पहुंच जा रहा है। 266 का यूरिया मजबूरी में किसानों को 1200 रुपए में खरीदना पड़ रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर छापा मारने पर दुकानदारों के पास 145 मी टन खाद जप्त की गई। सीधा सीधा सरकार के संरक्षण में खाद की कला बाजारी हो रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार के राज में हर वर्ग परेशान है। पहले ही बिजली दर में 20 % बढ़ोतरी की गई है। बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने से शहरी हो या ग्रामीण गरीब मध्य वर्गी सभी का बिजली बिल 2 गुना आ रहा है।

### किसानों को नहीं हो रही खाद की सप्लाई, पैदावार प्रभावित होने का खतरा

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि 15 दिन हो गए हैं किसानों को अब तक खाद की पूर्ति नहीं की गई। लिखित आश्वासन के बाद राकेश ठाकुर ने कहा कि 2 दिन में सोसायटी के माध्यम से सभी किसानों को यूरिया का वितरण करना होगा। प्रदर्शन के दौरान आरएन वर्मा, अश्वनी साहू, अलताफ अहमद, रिवेंद्र यादव, संजय कोहले, नासिर खोखर, राजीव गुप्ता, रूपेंद्र शुक्ला, अजय गुप्ता, राजकुमार नारायणी, आनंद ताम्रकार, मोहित वाल्दे, तिलक राजपूत, शिशिर कसार, सुमित घोस, प्रमोद राजपूत, राजेश ठाकुर, हीरा वर्मा, भोला महोबिया सहित अन्य मौजूद थे।





## किल्लेकोड़ा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा के सभागार में छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य अजय मुखर्जी थे और अध्यक्षता वरिष्ठ व्याख्याता वाय.एस. मरकाम ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित डॉ. बी.एल. साहसी (व्याख्याता) तथा विशेष अतिथि के रूप में हेमेंद्र साहू, घनश्याम पटेल (व्याख्याता), त्रिजला ठाकुर, मुक्ति और श्रवण यादव (क्लर्क) उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य एवं समस्त गुरुजनों को नारियल, पेन एवं डायरी भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कु. यशस्वी शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि मुखर्जी सर ने विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने और शिक्षकों का आदर करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह परंपरा भविष्य में भी इसी तरह कायम रहनी चाहिए। डॉ. साहसी ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। घनश्याम पटेल ने 'शिक्षक' शब्द की व्याख्या करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ठाकुर ने अनुशासन के साथ सभी गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी, वहीं मुक्ति ने गुरु को शिष्य की सफलता का मार्गदर्शक बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में मरकाम ने विद्यार्थियों द्वारा अनुशासित ढंग से कार्यक्रम आयोजन और शिक्षकों का सम्मान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे। अंत में श्रवण यादव ने आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## संत विनोबा भावे की 130वीं जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संत विनोबा भावे जी की 130वीं जयंती का आयोजन गांधीकुटी डौंडीलोहारा में किया गया।

इस अवसर पर संरक्षक श्री रामेश्वर सिंह ठाकुर सेम्हरडीह, श्री भगवान कुमार देवांगन अध्यक्ष डौंडी लोहारा, जिला उपाध्यक्ष कृपाराम साहू कसही ,पूर्व अध्यक्ष श्री जगदीश चुरेंद्र खोलझर, संरक्षक श्री सियाराम शार्वा डौडीलोहारा, नगर प्रमुख गौकरण सिन्हा, मार्गदर्शक महरू राम सिन्हा कामता, सचिव हुमन सिंह गजपाल,कोषाध्यक्ष दीनदयाल निषाद, अजय बाफना, भानबाई, गीताबाई, त्रिवेणी बाई, सीताबाई, निर्मला बाई, अरुणा धनगांव सहित अन्य गणमान्य बंधुओं व सदस्यों की उपस्थिति में धूमधाम से जयंती मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ विनोबा जी एवं महात्मा गांधी जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना एवं भजन-कीर्तन किया गया। उद्बोधन की कड़ी में संरक्षक श्री रामेश्वर ठाकुर द्वारा विनोबा जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी एवं विनोबा जी की नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर समाजिक बंधुओं ने स्वच्छता, नशामुक्ति, समाज सेवा, गौसंरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। अध्यक्ष भगवंत देवांगन ने समाज की संगठनात्मक एकता एवं सार्थक गतिविधियों द्वारा समाज को मजबूत बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री हुमन सिंह गजपाल तथा आभार दीनदयाल निषाद ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## भाजपा का सेवा पखवाड़ाः मंडल कार्यशाला में बनेगी कार्यक्रम क्रियान्वयन की रणनीति

**गुरूर।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित हैं जिसकी कार्य योजना एवं क्रियान्वयन हेतु मंडल कार्यशाला 13 सितंबर दोपहर 2:30 बजे सामुदायिक भवन पुरूर थाना के बाजू में रखी गई है। जिसमें मुख्य वक्ता महामंत्री भाजपा जिला बालोद राकेश यादव छोटू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में मंडल मिरऍ टोला (पुरूर) में निवासरत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल कार्यशाला हेतु अपेक्षित श्रेणी मंडल में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी व कार्य समिति सदस्य भाजपा, पुर्व विधायक, जिला के वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी भाजपा, जिला कार्यकारणी सदस्य, भाजपा समस्त मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, समस्त प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, मंडल संयोजक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, भाजपा मंडल पदाधिकारी, सेवा पखवाड़ा के मंडल टोली, शक्ति केंद्रो के संयोजक, सह संयोजक, बुथ अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति के प्राधि—त अध्यक्ष, शिक्षण संस्थानों के नियुक अध्यक्ष उक्त कार्यशाला में उपस्थित रहेंगे। जिसमे सेवा पखवाड़ा संयोजक मंडल महामंत्री यदिप साहू, सदस्य गण संजय साहू, पोखन साहू, अध्यक्ष टुकेश्वर पाण्डेय, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदिप साहू, भाजपा मंडल मिरऍ टोला पुरूर के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## नेशनल लोक अदालत 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार बालोद जिले के जिला न्यायालय बालोद, तालुका न्यायालय गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं दल्लीराजहरा सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया जाना है।

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य, आपराधिक एवं सिविल प्रकरण, चेक बाउंस के प्रकरण, धन वसूली के मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण, बिजली, जलकर, टेलीफोन बिल, वैवाहिक, परिवारिक मामलें, श्रम विवाद एवं राजस्व मामलों का निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यक्ति अपने न्यायालयीन मामलें एवं विवाद पूर्व पंजी—त होने वाले प्री लिटिगेशन मामलों का निराकरण करा सकते है। लोक अदालत में निरा—त होने वाले सिविल मामलों में पूर्व में लगी हुई न्यायालयीन फीस वापस होती है। इस नेशनल लोक अदालत के तैयारी के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न द्वारा जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं जिला अधिवक्ता संघ, समस्त बैंक, फायनेंस कंपनी, विद्युत विभाग, एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ समय—समय पर बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण किये जाने की अपील की गई।

उन्होंने बताया कि जिस किसी भी पक्षकार का जिला न्यायालय बालोद, व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही, दल्लीराजहरा एवं डौण्डीलोहारा में तथा बालोद जिले के किसी भी राजस्व न्यायालय में मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में अपने मामलों का निराकरण करवा सकते है। इसके अलावा इस प्राधिकरण के अधिकार मित्र के द्वारा भी बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों के हाट बाजारों—चौंक चौराहों, बैंक एवं अन्य स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर पाम्पलेट वितरण के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार—प्रसार किया जा रहा है।

## महापौर अल्का ने निरीक्षण के दौरान नाली के ऊपर अवैध निर्माण और जलभराव पर जताई नाराजगी

# ड्रेन सिस्टम फेल, डेढ़ घंटे की बारिश में आधा शहर जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर की सफाई व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुल गई है। मंगलवार की शाम डेढ़ घंटे की बारिश के बाद घंटों बारिश का पानी आधे शहर में जमा रहा। बिजली गुल होने से संकट और बढ़ गया। लोग परेशान होते रहे, लेकिन उनकी परेशानियों का समाधान नहीं हो सका। धीरे-धीरे पानी कम हुआ, इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि सिंधिया नगर, आदित्य नगर, मोतीपारा, दीपक नगर, कसारीडीह, पद्मनाभपुर, जेल रोड, संतराबाड़ी, बांधा तालाब, राजीव नगर, गयानगर, पोटिया क्षेत्र, बोरसी, कैलाश नगर, तितुरडीह, शंकरनगर, आर्य नगर सहित अन्य जगहों पर घंटों बारिश का पानी जमा रहा। रात करीब 12 बजे के बाद निकासी हुई। इधर बुधवार को महापौर अल्का बाघमार ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने जमकर नाराजगी व्यक्त की। बाघमार ने सुबह करीब चार घंटे तक तीन वार्डों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद गुलाब वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### ओम परिसर क्षेत्र में जलभराव की गंभीर स्थिति

निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार को जानकारी मिली कि ओम परिसर के पास अवैध रूप से नाली के ऊपर निर्माण किया गया है। नाली को डायवर्ट कर दिया गया है। इसके कारण बरसात के दिनों में नाली का बहाव बाधित हो रहा है। आसपास के क्षेत्रों में पानी भर रहा है। दुकानों और मकानों में पानी घुसने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। महापौर ने इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए दरोगा और जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और नाली को सही तरीके से बनवाने के निर्देश दिए।



### अवैध अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की मांग

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि ओम परिसर के समीप एक डेकोरेशन दुकान संचालक ने दुकान के बाहर अवैध रूप से सामान रखकर रास्ता घेर रखा है। इस वजह से राहगीरों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने निगम प्रशासन से मांग की कि दुकान संचालक को नोटिस जारी कर तुरंत अतिक्रमण हटवाया जाए। बाघमार ने वार्ड 38 महावीर नगर स्थित मुकुंद भवन के पास के तालाब का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह तालाब हमारी ऐतिहासिक धरोहर है, इसे संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है।

## खाद भंडारण और वितरण में अनियमितता पर होगी कड़ी कार्यवाही

**बालोद।** कृषि विभाग के उप सचांलक ने बताया कि उर्वरकों की कालाबाजारी, होर्डिंग, डायवर्सन एवं अन्य गतिविधियों की सतत निगरानी के संबंध में संचालक कृषि से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में संभाग, जिला एवं विकासखण्ड के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। अनियमितता की स्थिति में संबंधित विक्रय केन्द्र के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही भी की जा रही है।

इसी अनुक्रम में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला में मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार एवं मेसर्स गांधी कृषि केन्द्र के द्वारा कृषकों को पॉस मशीन के माध्यम से आवश्यकता से अधिक मात्र में उर्वरक विकय परिलक्षित होने पर संयुक्त संचालक कृषि, संभाग दुर्ग के निर्देशन में संभागीय संयुक्त संचालक कृषि कार्यालय के सहायक संचालक कृषि तथा उर्वरक निरीक्षक, गुरूर द्वारा उक्त विक्रेताओं से उर्वरक क्रेता कृषकों से व्यक्तिगत संपर्क कर जानकारी ली गई। जानकारी से स्पष्ट हुआ कि विक्रेताओं द्वारा पॉस मशीन के माध्यम से उर्वरक वितरण में अनियमितता बरती गई है। उर्वरक भण्डारण एवं वितरण में अनियमितता बरतने पर मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार अरमरीकला को उर्वरक निरीक्षक के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 03 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। जवाब समाधानकारक नही पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता एवं प्रतिष्ठान के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत यथोचित कार्यवाही की जाएगी।

- उर्वरक वितरण में अनियमितता पर विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस

**खबर संक्षेप**



## विद्यार्थियों ने किया शिक्षकों का सम्मान

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के वनांचल ग्राम भीमाटोला में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस पर बच्चों द्वारा शानदार आयोजन रखा गया, जहां शिक्षकों का सम्मान किया गया। शिक्षा सत्र 2024-25 के दौरान अध्यापन व्यवस्था हेतु सहयोग के चलते शिक्षक पीलू राम साहू को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने बच्चों को मार्गदर्शन दिए। गुरु का तात्पर्य जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले चले वही गुरु है। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आईटीआई में आज प्लेसमेंट कैंप

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा में आईबी ग्रुप राजनांदगांव के द्वारा 12 सितंबर 2025 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा के प्राचार्य ने बताया कि जिसमें व्यवसाय विद्युतकार, फीटर तथा वेल्डर ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणारथी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यथएँ प्लेसमेंट कैंप में अपने आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों, आधार कार्ड दो फोटो तथा बायोडाटा के साथ 12 सितंबर 2025 को सुबह 10 बजे शासकीय आईटीआई डौंडीलोहारा में उपस्थित हो सकते हैं।

## क्रान्ति सेना ने पदाधिकारियों का नियुक्ति पत्र किया जारी

**बालोद।** छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा जिला इकाई बालोद के पदाधिकारियों का नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया है। जिसमें जिलाध्यक्ष खोमन साहू, जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार, जिलाउपाध्यक्ष दानी साहू, जिला सचिव कामता प्रसाद, जिला संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार तथा इमेश कुमार को जिला आईटी सेल के पद पर नियुक्ति दिए है।

## तितुरगहन में होगी दो दिवसीय रामधुनी स्पर्धा

**गुरूर।** ग्राम तितुरगहन मे दो दिवसीय रामधुनी गायन, वादन एवं झांकि प्रतियोगिता का आयोजन 13 व 14 सितंबर को किया गया है। जिसमे 13 सितंबर को दीप प्रज्वलित कार्यक्रम मे प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि पूर्व सभापति जनपद पंचायत गुरूर तोशण दाऊ उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत बासीन छगन लाल गजपाल करेंगे।विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत ओझागहन गंगा बालक साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत बासीन पीलूराम ठाकुर, उपसरपंच ग्राम पंचायत गंगोरीपार पूरण लाल साहू, सचिव ग्राम पंचायत गंगोरीपार खिलानंद पटेल, प्रधानपाठक तितुरगहन अनिल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार दोहरे, धिराजी राम साहू, जीतन सिंह साहू, जिवधन लाल साहू, मदन लाल साहू, दीनूराम साहू, नंदकुमार साहू, चतुर सिंह साहू, भादूराम साहू व पंचगण उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह मे 13 सितंबर को प्रातः 10 बजे मुख्य अतिथि डॉ नवीन साहू होंगे। अध्यक्षता लालचंद छाजेड़ करेंगे। विशेष अतिथि कोमल सिंह

**आयोजन**

बैठक में 84 गांवों के अध्यक्ष, पदाधिकारी और परिक्षेत्रीय सदस्य हुए शामिल

# तहसील साहू संघ ने वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही



तहसील साहू संघ गुण्डरदेही की वार्षिक बैठक का आयोजन बुधवार को साहू सदन में हुई। त्रिवार्षिक चुनाव होने के कारण अगस्त 2025 तक की वार्षिक आय व्यय की जानकारी दी गई। बैठक में तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के अंतर्गत आने वाले 84 ग्रामों के ग्रामीण अध्यक्ष एवं पदाधिकारी व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी तथा तहसील साहू संघ के समस्त पदाधिकारी शामिल हुए।

तहसील उपाध्यक्ष हेमंत कुमार साहू ने तहसील अध्यक्ष के माध्यम से स्वागत भाषण देते हुए साहू सदन से लगे 9 डिसमिल जमीन क्रय करने हेतु प्रत्येक ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्षों एवं उनके पदाधिकारी व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष ने मिलकर भू क्रय दान लेने में सहयोग किए है उनका आभार माना। तहसील अध्यक्ष मानसिंग सार्वा ने सह सचिव किशन लाल साहू को वार्षिक आय व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया। जिस पर उन्होने आय व्यय की जानकारी दी गई। तहसील अध्यक्ष डॉ. मानसिंग सार्वा ने सामाजिक लोगो का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने भूमि के लिए तहसील साहू संघ को सहयोग किया और आपके सहयोग से ही यह 9 डिसमिल जमीन तहसील साहू संघ ने खरीदी। बैठक को पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने सामाजिक समरस्ता पर उपस्थित सामाजिक लोगों को संबोधित किया। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष जेआर साहू ने सामाजिक समरसता एवं सद्भाव बनाए रखने पर चर्चा की। कल्याण सिंह साहू ने शिक्षा एवं कल्याण कोष का गठन के उद्देश्य को बताते हुए समाज के आर्थिक रूप कमजोर वर्ग को उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य हेतु मदद की जाएगी। भीखा राम साहू ने समाज को नशामुक्त रखने की बात कही। बैठक में उपाध्यक्ष हेमंत साहू, केश्वरी साहू, सचिव राजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप कुल्हारे, टीकम साहू, वीरेंद्र साहू, द्रौपदी साहू, कविता साहू, पदमा साहू तथा परिक्षेत्रीय अध्यक्ष हरदेव लाल सार्वा, मोती लाल साहू, कुलेश्वर साहू, सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में समाजिक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार तहसील कोषाध्यक्ष दिलीप कुल्हारे ने किया।

## डॉक्टर ने छात्रों को स्वस्थ और मस्त रहने का गुर बताया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

विश्व प्राथमिक उपचार दिवस पर स्वामी आत्मानंद उत्कृट विद्यालय रानाखुज्जी के विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के सम्बन्ध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानाखुज्जी के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र कुमार गजबेर द्वारा विशेष जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि चोट लगने पर डेटाल से साफ़ सफाई, साफ़ रुई पर मलहम लगाकर पट्टी बांधने की प्रक्रिया बताई गई। यदि कोई बेहोश हो जाय इस स्थिति में उसके मुंह या नॉक में किसी भी तरह से पानी या भोज्य पदार्थ ना डालें, इससे उनकी श्वास नहीं बंद हो सकती है और इस सामान्य स्थिति से गम्भीर स्थिति में पहुंच सकती है। बेहोश की स्थिति में मरीज़ को हवादार स्थान पर सीधा लेटा कर पैर को थोड़ा सामान्य से ऊपर रखना चाहिए और थोड़ा देर उनके होश में आने का इंतजार करना चाहिए। यदि होश में ना आये तो बिना कुछ देरी किए स्वास्थ्य विभाग के 108 नम्बर पर डायल कर समीप के शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाना चाहिए। साथ ही यदि किसी व्यक्ति को सर्प आदि जीव जंतु ने काट दिया हो तो वैद्यराज या झाड़ फुक के चक्कर में ना रहकर सीधा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा देना चाहिए।

ऐसा करने से मरीज़ को नई जिन्दगी मिल सकती हैं इसके अलावा प्रतिदिन सुबह उठने मुंह धोने जैसे दैनिक क्रिया करने, नहाने, साफ़ कपड़े पहनने, साबुन से हाथ धोने ,स्वच्छ और साफ़ पौष्टिक आहार में दाल और आयरन युक्त भोजन करने की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई इस अवसर पर संस्था प्रमुख के पी टंडन रेडक्रास प्रभारी मनोज कुमार रॉकी समस्त स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## कोड़िया स्कूल में रजत जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़यिा में छत्तीसगढ़ के रजत जयंती के अवसर पर एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया जिसमें भूतपूर्व छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सन 2010 से लेकर 2024 तक के भूतपूर्व छात्र छात्रायें सम्मिलित हुए विद्यार्थियों ने अपने अनुभव को वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ साझा किया।

साथ ही उन विद्यार्थियों से प्रेरणा हासिल की जो आज किसी न किसी ओहदे पर पहुंच कर प्रसिद्धि प्राप्त कर रहे हैं। ग्राम सरपंच खुमान निषाद भूतपूर्व छात्र ने बताया किस तरह संघर्ष करते हुए वे आज नेतृत्व कर रहे है। शौर्य युवा संगठन के अध्यक्ष फलेन्द्र पटेल भूतपूर्व छात्र ने अपने अभिप्रेरित विद्यार्थी जीवन की कहानी शिक्षकों को याद करते हुए। बताया शाला के वरिष्ठ व्याख्यता भवानी सिंह देशमुख एवं अन्य सभी शिक्षकों द्वारा भूतपूर्व छात्रों को सम्बोधित किया इस कार्यक्रम के साथ ही रजत जयंती के अवसर पर प्राचार्य नीलमणि उजवने के कुशल मार्गदर्शन में प्रदर्शनी निबंध लेखन ए आई साक्षरता सामूहिक पुस्तक वाचन जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए कार्यक्रम संचालन डॉ सरोज साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला के व्याख्यता शीला चंद्रा डॉक्टर रूपमती साहू प्रीतम देवांगन दानेश्वरी सिन्हा वेदिका साहू रीना पिलोदिया हर्षा महलवार प्रीति सलाम समीर भेलवा वीरेंद्र गजपाल टी एन साहू सुनील दड़सेना उपस्थित थे।

## दो वर्षों से बाल विवाह प्रकरण रहित पंचायतें होंगी 'बाल विवाह मुक्त' घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले के ऐसे ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय जहां विगत दो वर्षों में बाल विवाह का प्रकरण प्राप्त नही हुआ है। इन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बालोद जिले के सभी 436 ग्राम पंचायतों एवं 09 नगरीय निकायों में नियमानुसार विगत दो वर्षों में बाल विवाह का प्रकरण नहीं होने संबंधी दस्तावेज प्राप्त हुए है। अतः इन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित कर प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी व्यक्ति या संस्थान को किसी भी प्रकार की आपत्ति होने तथा इन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों मे बाल विवाह का प्रकरण संज्ञान होन पर इस संबंध में विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विवाह विभाग संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 79 में कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 05.30 बजे तक लिखित में सुसंगत दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## चखना दुकान के आसपास पसरी गंदगी खुले में रखी जा रही खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुन्दा

- कार्रवाई के अभाव में दुकान संचालक कर रहे अनदेखी

नगर स्थित देशी शराब दुकान परिसर के भीतर संचालित होने वाले चखना दुकान में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जहां स्वच्छता की अनदेखी की जा रही है। खुले में रखे खाने का सामान लोगों के लिये बीमारियों को न्योता दे रहा है। वहीं चखना दुकान में बेचे जाने वाले पानी, डिस्पोजल सहित अन्य खाद्य सामानों के लिए कोई मुल्य निर्धारित नहीं है। ग्राहकों से महंगे और अधिक दामों में सामान बेचकर लोगों को चूना लगाया जा रहा है। जिसे लेकर खाद्य विभाग अनभिज्ञ बना है।





**खुले में खाने का सामान**

चखना दुकान में कई तरह के खाने के सामान बेचे जाते हैं, लेकिन उन्हें खुले में ही रखा जाता है। चूंकि सड़क के पास ही चखना दुकान मौजूद है, जिसके चलते धूल मिट्टी और गंदगी खाने के सामानों में बैठ जाती है और उसी सामानों को चखना दुकान में बेचा जा रहा है।

**पानी पाउच और डिस्पोजल से पर्यावरण को नुकसान**

बता दें कि चखना दुकान में खुलआम पानी पाउच और डिस्पोजल बेचा रहा है। डिस्पोजल मिट्टी में गलता नहीं है इसलिए पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। चखना दुकान से खरीदे गये डिस्पोजल और पानी के पाउच को न ही दुकान संचालक एकत्रित कर सफाई भी नहीं किया जाता। शराब दुकान के आसपास मौजूद खेतों में डिस्पोजल उड़कर जाता है जिसके चलते फसलों पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

## संतु राम शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित



**डौंडी।** डौंडी के प्राचार्य संतु राम यादव को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव - 2025 के अवसर पर शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह नोवल टीचर क्रिएटिव फाउंडेशन कला केंद्र, बालोद द्वारा आयोजित किया गया था।

संतु राम यादव को यह सम्मान शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। वे 2011 से विवेकानंद हाई स्कूल, डौंडी में गर्ल्स फुटबॉल क्लब के कोच के रूप में आदिवासी बहुल क्षेत्र की 20-25 बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में इन बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। इस सम्मान के लिए उन्हें प्रथम विशिष्ट शिक्षक की श्रेणी में रखा गया। उन्हें शिक्षा और खेल (फुटबॉल, योगा, हॉकी, विज्ञान) के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राकेश यादव मुख्य आयुक्त, स्काउट गाइड, बालोद और विशेष अतिथि प्रतिभा चौधरी अध्यक्ष, नगर पालिका, बालोद थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण कुमार साहू ने की। समारोह में साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। साथ ही पुस्तकों और एक एल्बम का विमोचन भी किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर संतु राम यादव ने फाउंडेशन के अध्यक्ष और अपने शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

## संभाग स्तरीय वाद विवाद स्पर्धा में हायर सेकंडरी को मिला 5वां स्थान





**डौंडीलोहारा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी जिला कार्यक्रम प्रभारी हेमंत साहू के नेतृत्व एवं व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम और राज्यपाल पुरुस्कार 2025 पुरस्कृत व्याख्याता सुश्री एनुका शार्वा के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा वादविवाद प्रतियोगिता एस एन जी विद्या भवन सेक्टर 4 भिलाई में जिले की टीम की तरफ से सम्मिलित हुए। जहां विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग की 21 टीमों में पांचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार के रूप में 3000 रुपए की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग नगर निगम की महापौर अलका बाघमार, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग, जिला नोडल साक्षरता मिशन दुर्ग उपस्थित थे।

सभी प्रतिभागी विद्यार्थी व उनके मार्गदर्शन टीम को विद्यालय के प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष लीलेंद्र सिन्हा, समस्त सदस्य, संस्था प्रभारी एल के ठाकुर, आरएस देशमुख, डीआर साहू, वीरेंद्र कुमार भंडारी, एस वैदे, पुष्पा कटेंद्र, छाया नंदा, रीना मंडल, डुप्ले साहू, आरएन योगी, अविनाश कुमार साहू, तेजेश्वरी साहू, लवण साहू, भूपेंद्र पटेल, हेमपुष्पा नाईक, राकेश कोठारी, वीरेंद्र नायक, सौरभ शर्मा, सूर्योदय मानिकपुरी, कपिल पटेल, तिलेश्वरी परतेती, ईश्वरी ठाकुर, निधि यादव सहित समस्त स्टॉफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बीआरसी ने गैंजी स्कूल का किया औचक निरीक्षण





**डौंडीलोहारा।** पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला गैंजी संकुल केंद्र सहगांव में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा अचौक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला निरीक्षण के समय सभी शिक्षक अपने शिक्षण कक्ष में अध्यापन कार्य कर रहे थे। सभी शिक्षकों का कार्य संतोष प्रद रहा। निरीक्षण के दौरान कक्षा में जाकर बच्चों के साथ चर्चा की गई एवं उनके कॉपी नोटबुक की जांच की गई जिसमें सभी बच्चों के कार्य संतोषजनक थे, कक्षा पांचवी में विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान हिंदी भाषा वचन एवं नवोदय की तैयारी करवाई जा रही है। सभी शिक्षकों द्वारा डेली डायरी पाठ्यक्रम अनुसार लिखा जा रहा है इसी तरह माध्यमिक शाला अवलोकन के समय भी सभी शिक्षक अपने कार्य में व्यस्त थे।

मध्यान्ह भोजन का संचालन नियमानुसार कराया जा रहा है तथा रसोई कक्ष एवं शौचालय की साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। बीआरसी दिनेश कुमार मालेकर के द्वारा मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता की जांच की गई और मध्यान्ह भोजन चख कर देखा गया। बीआरसी सर द्वारा शिक्षकों के कार्य की प्रशंसा की गई। निरीक्षण के दौरान शाला में प्रधान पाठक बेद बाई ठाकुर पू.मा शहनाज़ बेगम प्राथ.शाला मुनमुन सिन्हा, राम लाल ठाकुर, विजय सिंह साहू, रेखा देवांगन, मेघनाथ रावटे उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी संकुल समन्वयक सहगांव गिरीश कुमार निर्मोही के द्वारा दिया गया।

**तारम विद्यालय में किया गया आयोजन**

# महाविद्यालय में शिक्षकों और नवप्रवेशी छात्रों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर





स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षकों का सम्मान और नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष नन्द किशोर शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गुरूर प्रदीप कुमार साहू थे। विशेष अथिति जनभागीदारी सदस्य यादराम साहू, सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू, विधायक प्रतिनिधि शादिक अली, जनार्दन सिन्हा, चौलेश देशमुख उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. केएल रावटे ने की। प्राचार्य केएल रावटे ने उपलब्धि और समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया। छात्र दिव्या ने महाविद्यालय की समस्याओं को अतिथियों के सम्मुख रखा। सभी अतिथियों ने छात्र छात्रओं को गुरु की महत्ता बताते हुए लगन के साथ पढ़ाई करने, अनुशासन में रहने, सोशल मीडिया से दूरी बनाया रहने, गुरु की आज्ञा का पालन करने और एक योग्य तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ छात्रों ने नवीन छात्रों का स्वागत किया। छात्रों के लिए खेलों का भी आयोजन किया गया। बीच बीच में मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों को लेखनी और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीए, बीएससी, बीकॉम तीनों संकाय में मिस एवं मिस्टर फ्रेशर का चयन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ योगेंद्र धुर्वे एवं छात्र प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. एल हिरवानी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिव्या, प्रवीण कुमार, द्रोणकुमार, धीरज, रेणुका, दीपिका,अंकिता, नवीन, अलका, आराधना, मोनिका, तामेश्वर, जयप्रकाश, गणेश और समस्त छात्र छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# ब्लाक में सांसद खेल महोत्सव की तैयारी सीईओ ने सरपंचों की बुलाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडी



ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने और फिट इंडिया मूवमेंट को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी संबंध में 11 सितंबर को जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी. मंडले ने सरपंचों की एक बैठक बुलाई। महोत्सव में विभिन्न आयु वर्ग 18 वर्ष तक, 18-40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक के पुरुष और महिलाओं के लिए खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, 100 मीटर दौड़, रस्साकशी, गेड़ी दौड़, गिल्ली डंडा और लंबी कूद जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 29 सितंबर तक पंचायत स्तर पर क्यूआर कोड और ऑफलाइन रजिस्टर के माध्यम से प्रतिभागियों का पंजीकरण किया जाएगा। खेल प्रतियोगिताएं 21 सितंबर से 21 अक्टूबर तक चलेंगी। जनपद पंचायत डौंडी को 5 क्लस्टरों में विभाजित किया गया है, जहां 3 से 16 अक्टूबर तक खेलों का आयोजन होगा। क्लस्टरों में गुजरा, घोटिया, अवारी, सल्हाईटोला और साल्हे गांव शामिल हैं। बैठक में सभी सरपंचों और सचिवों को निर्देश दिए गए कि वे इस आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

## खबर संक्षेप



### निःशक्त बच्चों को प्रदान किए गए आवश्यक उपकरण

**डोंडी।** विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा के अंतर्गत 11 सितम्बर को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपकरण वितरण किया गया। इसमें जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम एवं जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रोहित कुमार सिन्हा एवं विकास खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक सच्चिदानंद शर्मा लेखापाल वाई के प्रजापति ऑपरेटर नोहर नायक अटेंडेंट सूरज, अर्जुन एवं समस्त स्टाफ के उपस्थिति में अध्यनरत विद्यार्थी भावेश कुमार घरत व्हील चेयर पिताश्री गिरवार लाल प्राथमिक शाला बारसाटोला को व्हीलचेयर होमबेस्ड एजुकेशन किट प्रदान किया गय।

### खेलों से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास



**गुरूर।** ग्राम कोचवाही में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसके मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कौशल्या चंद्रवंशी थे। इस अवसर पर उन्होंने कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि हार–जीत जीवन के दो पहलू हैं। हारने वाले खिलाड़ी निराश न हो, कड़ी मेहनत करें और आगामी वर्ष में होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता बनने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर सरपंच भुनेश्वरी यादव, भोजराज चंद्रवंशी, ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर ग्रामीण सदस्य भुवनेश्वर ओटी सहित ग्रामीण जन एवं आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी की 13 छात्राओं को बांटी गई साइकिल



**अंडा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा डंगनिया में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9 वीं की 13 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर छात्राएं अत्यंत प्रसन्न नजर आईं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल ओटेबन्द के अध्यक्ष व शाला विकास समिति अध्यक्ष कुलदीप साहू थे। उन्होंने छात्रों को उत्साहपूर्वक पढ़ाई करने और विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर गांव के मुख्या सरपंच सत्यवती साहू, विधायक प्रतिनिधि नीलकंठ टंडन संस्था प्रमुख राजेश कुमार चन्द्राकर, कमलेश निर्मलकर व सभी शिक्षक एवं एसएमडीसी के सदस्य व स्कूली छात्र व छात्राएं उपस्थित थीं।

## कार्यशाला

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मास्टर ट्रेनर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**जिले के 186 आदिवासी बहुल गांवों में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित 186 आदिवासी बहुल गांव में जनजातीय वर्ग के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु विकासखण्ड मुख्यालयों में प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विकासखण्ड मुख्यालयों में आयोजित कार्यशालाओं में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं विषय विशेषज्ञों के द्वारा ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स तथा विभिन्न विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को जिले के चयनित 186 गांवों में जनजातीय परिवार के लोगों को उनके कल्याण हेतु संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत डौण्डी, डौण्डीलोहारा, गुण्डरदेही, बालोद में कार्यशाला का आयोजन किया गया।





आयोजित कार्यशाला में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, महिला स्वास्थ्य कर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों के अलावा चयनित गांव के लिए नियुक्त किए गए वालंटियर्स सहित बड़ी संख्या में अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित लोगों को आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत सौंपे गए कार्यों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर आदिवासी वर्ग के लोगों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित कराने कराने तथा चयनित गांवों में शासकीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े प्रमुख योजनाओं का ग्राम स्तर तक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षकों द्वारा "आदि कर्मयोगी अभियान" के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जिसका उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर चयनित कैडर एवं वालंटियर्स द्वारा अपने गांव के विकास हेतु योजना का निर्माण किया जाना है। जो कि आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर जिले के चयनित आदिवासी गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

## शिविर में युवाओं ने किया रक्तदान





**डौंडीलोहारा।** नगर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव और प्राथमिक चिकित्सा दिवस पर शासकीय पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला खैरा में तीसरे वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य और शिक्षक खेमंत कुमार साहू ने बताया कि इस पहल ने ग्रामीणों को स्कूल से जोड़ने में मदद की है, जिससे सामुदायिक भागीदारी बढ़ी है और स्कूल की समस्याओं पर बेहतर ढंग से काम हो पा रहा है। शिविर में बच्चों के रक्त समूह का भी परीक्षण किया गया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने स्वयं रक्तदान करके इस नेक काम में लोगों से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा राज्य और जिला स्तर पर सम्मानित शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इनमें राज्यपाल पुरस्कार 2024 प्राप्त व्याख्याता एनुका शार्वा, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्राप्त तृप्ति लता ठाकुर, शिवेंद्र बहादुर साहू और अन्य कई शिक्षक शामिल थे। राज्यपाल पुरस्कार 2025 के लिए चयनित शिक्षक खेमंत कुमार साहू का भी विशेष सम्मान किया गया। यह सम्मान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा और समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष देवेंद्र हरमुख द्वारा दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में स्कूल प्रबंधन समिति और ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## रजत जयंती वर्ष पर जिले के 237 स्कूलों में हुआ पुस्तक वाचन कार्यक्रम



**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों, विद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में पुस्तक वाचन एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बुधवार 10 सितंबर को जिले के गुरूर विकासखण्ड के 137 शासकीय प्राथमिक शाला, 68 उच्च प्राथमिक शाला एवं 32 हायर सेकण्डरी स्कूल सहित कुल 237 विद्यालयों में पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तरह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय खलारी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुंदा, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बोड़ेना आदि जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में पुस्तक वाचन एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक–शिक्षिकाओं के द्वारा पुस्तकों के अध्ययन के महत्व, उपयोगिता एवं महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महापुरूषों की जीवनी के अलावा विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद पुस्तकों का वाचन किया। समारोह में शिक्षक–शिक्षिकों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## दोगुना हुआ बिजली बिल, उपभोक्ताओं में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- कांग्रेस ने कहा – सरकार के गलत फैसले ने गरीब और मध्यम तबके की बढ़ाई परेशानी

छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को हाल ही में बिजली बिलों में हुई भारी बढ़ोतरी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम जनता में रोष है। साथ ही अघोषित बिजली कटौती से आमजन-किसान भी परेशान है। राज्य में पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित 400 यूनिट तक 'हाफ बिजली बिल योजना को घटाकर 100 करने से उपभोक्ताओं को पिछली बार की तुलना में दोगुने से भी अधिक बिल मिल रहे हैं। इस अचानक बढ़ोतरी ने न केवल गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के बजट को बिगाड़ दिया है, बल्कि प्रदेश के भाजपा सरकार की योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। श्रम कल्याण मंडल उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमूख ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के गलत फैसले ने आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा दिया है। भाजपा के डबल इंजन ने छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल दोगुने से भी अधिक बढ़ाकर महतारी वंदन योजना के तहत दी जाने वाली राशि की वसूली शुरू कर दी है। हरमुख का कहना है कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई 'हाफ बिजली बिल योजना' का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देना था। इस योजना के तहत 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा कर दिया जाता है। जिसे राज्य के भाजपा सरकार में घटाकर 100 यूनिट तक खपत पर बिजली बिल हाफ योजना लागू की। लेकिन बढ़े हुए बिलों ने इस योजना की प्रासंगिकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि विष्णु देव साय सरकार के योजना के बावजूद उन्हें कोई खास फायदा नहीं मिल रहा है, बल्कि उनका बिजली बिल पहले से कई ज्यादा आ रहा है।

### केंद्र की तरह राज्य सरकार ने भी बदले फैसले

केशव बंटी हरमुख ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए इसे जनविरोधी कदम बताया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया है कि प्रदेश में सरकार बनाने के लिए चुनाव से पहले उन्होंने आम जनता को झूठे वादे कर सत्ता हासिल की है। जिस तरह केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दबाव में आकर अपने फैसले बदल रही है, उसी तरह राज्य सरकार को भी अपने जन विरोधी फैसलों को वापस लेना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बिजली की दरों को तुरंत वापस लिया जाए और उपभोक्ताओं को राहत दी जाए।

## अभियान में 66 गांवों से 110 आदि कर्मयोगी हुए प्रशिक्षित

- ब्लॉक स्तर पर तीन दिनों तक चली प्रशिक्षण कार्यशाला

**डौंडी।** ब्लॉक में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला 9 से 11 सितंबर तक जनपद पंचायत में जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस के माध्यम से जनजातीय विकास और परिवर्तन लाना है। कार्यशाला में, जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो और मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मंडले सहित कई गणमान्य व्यक्ति और मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे। इस अभियान में डौंडी विकासखंड के 66 गांवों से 110 'आदि कर्म सहयोगी' हर दिन प्रशिक्षित हुए। इस अभियान का लक्ष्य 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' के मंत्र के साथ जनजातीय समुदायों को सशक्त करना है। यह विकसित भारत मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को हर जनजातीय नागरिक तक पहुंचाना है ताकि कोई पीछे न छूटे। इसके तहत जनभागीदारी और स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा देना। गांव स्तर पर 'आदि सेवा केंद्र' स्थापित करना, ताकि शिकायत निवारण की सुविधा उपलब्ध हो। केंद्रीय, राज्य, जिला, ब्लॉक और गाँव स्तर के 7 प्रमुख विभागों को एकीकृत करना। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि यह अभियान एक ऐसी प्रक्रिया है जो निरंतर प्रगति और नवीनीकरण का मार्ग प्रशस्त करती है। इसका अंतिम लक्ष्य योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

## पूर्व गृहमंत्री साहू ने डॉ. प्रज्ञा को राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान पर दी बधाई



**अंडा।** डॉ. प्रज्ञा सिंह जी को राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान 2025 से नवाजे जाने पर पूर्व गृहमंत्री साहू ने ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की यह सम्मान आपकी मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। श्री साहू ने आगे कहा की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत समर्पण और परिश्रम का परिणाम है, बल्कि समूचे छतीसगढ़ के शिक्षा जगत की उपलब्धि है। यह हम सभी को प्रेरणा देती है कि निरंतर प्रयास, कठोर परिश्रम और सेवा भाव से किस प्रकार नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। श्री साहू ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रीमती डॉ. प्रज्ञा सिंह की इस उपलब्धि ने निश्चित रूप से छतीसगढ़ सहित जिला दुर्ग के माध्यमिक शाला हनोदा और पूरे समुदाय को गौरवान्वित किया है। उनका नवाचारी और प्रभावी शिक्षा कार्य न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए भी प्रेरणादायक रहेगा।

## चुल्हापथरा में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- विजेता टीम को मिलेगा 6001 रुपए का प्रथम पुरस्कार

ग्राम चुल्हापथरा में जय बुढ़ादेव कबड्डी समिति द्वारा एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितंबर को किया गया है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 6001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 4001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। जिसमे विभिन्न आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए है।

जिसके उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि कृषि सहकारिता सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू होंगे। अध्यक्षता सदस्य जनपद पंचायत बालोद सोहद्रा ईशाप्रकाश साहू करेंगी। विशेष अतिथि पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना सत्येन्द्र साहू, जिला उपाध्यक्ष भाजपा कौशल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी मानवेन्द्र मण्डावी, ग्रामीण अध्यक्ष चुल्हापथरा खेमलाल साहू, उपाध्यक्ष मनोज भण्डारी, ग्रामीण सचिव यशवंत सिन्हा, कोशाध्यक्ष ताम्रध्वज कुलहाड़ा, पंच पंकज चिराम, संतोश कुंजाम, हेमा भुआर्य, टिके"वरी साहू, अनिता चिराम, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष उभेराम सिन्हा, पूर्व ग्रामीण सचिव उधोराम यादव, गरिबा राम कुल्हाड़ा, गजाधर साहू, मनीश जैन, गौकरण साहू, कोमल सिन्हा, कौशल कोसरिया उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह मे 14 सितंबर को मुख्य अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता गोपाल राठी करेंगे। विशेष अतिथि महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर सुमीत राजा राजपूत, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी मानवेन्द्र मण्डावी, पत्रकार ओमप्रकाश टुवानी, कांग्रेस बूथ अध्यक्ष उत्तम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष चुल्हापथरा खेमलाल साहू, उपाध्यक्ष मनोज भंडारी, ग्रामीण सचिव यशवंत सिन्हा, कोशाध्यक्ष ताम्रध्वज कुलहाड़ा, शिक्षक मन्ना लाल चिराम, जोहरीत राणा, पुहुप लाल चिराम, नंदकुमार मंण्डावी, देवेन्द्र साहू, किशन सिन्हा, ग्रामीण कोटवार नूतनदास मानिकपुरी, रोजगार सहायक प्रहलाद कोसरिया, कोटवार धानापुरी सियाराम कुलदीप, संतोश रावटे, डॉक्टर आईएल ठाकुर, घनश्याम सिन्हा, युगल पुरूशोत्तम सेन उपस्थित रहेंगे। समिति के अध्यक्ष लोकेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष नीतिश मंडावी, सचिव मुकेश कुमार, सह सचिव छन्नू लाल चिंराम, कोशाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, कप्तान गजेन्द्र यादव, उप कप्तान जयप्रकाश रावटे, संरक्षक मानवेन्द्र मण्डावी, रोशन साहू, चेतन दुबे, गोपाल ठाकुर, दशरथ मंण्डावी, सदस्य हरिश कुमार, चम्मन लाल, धर्मेन्द्र कुमार व ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

## विश्व प्राथमिक सहायता दिवस पर बच्चों को दी गई स्वच्छता व चिकित्सा की जानकारी

- विश्व प्राथमिक सहायता दिवस पर बच्चों को दी गई स्वच्छता व चिकित्सा की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

सेजेस स्कूल लाटाबोड़ में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष लाटाबोड़ व स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व प्राथमिक सहायता दिवस पर बच्चों को स्वच्छता की जानकारी एवं तात्कालिक प्राथमिक चिकित्सा, घरेलू उपाय एवं दिनचर्या से अवगत कराया गया तथा बच्चों का टीकाकरण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा किया गया प्राथमिक चिकित्सा किसी आपातकालीन स्थिति या दुर्घटना के तुरंत बाद किसी घायल या बीमार व्यक्ति को पेशेवर चिकित्सा सहायता मिलने से पहले दी जाने वाली तत्काल और प्रारंभिक देखभाल हैं। इसका महत्व जीवन बचाने चोटों को बिगड़ने से रोकने, दर्द कम करने और व्यक्ति को ठीक होने में सहायता प्रदान करता है। इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉक्टर पूर्णिमा नायक, फार्मासिस्ट दुर्गा मैडम व स्वास्थ्य विभाग से बी एल. देशमुख, चिरंजीवी नायक, राकेश सिंह, सोमेश्वर साहू, आर.एस. सोनकर, रुपाली ठाकुर आर उईके, एस सोनबोईर , पी एस ठाकुर, सेवता व समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्राचार्य सी.एल. सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग के टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### दो दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता

**गुरूर।** ग्राम सालेभाट में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 16 सितंबर से 17 सितंबर दो दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें कुल 13 रामधुनी मंडली भाग लेंगे। ग्रामीण अध्यक्ष तुलसीराम नेताम, रामेश्वर धुर्वे, ओम प्रकाश सिंन्हा ने बताया कि रामधुनी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 1000 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 701 रुपये एवं पंचम पुरस्कार 501 रूपये रखा गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह भी मनाया गया**

## एलुमिनी में पूर्व व वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों के सांझा अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा में सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह के अंतर्गत एल्यूमनी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुराने और वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों के बीच भावनात्मक और प्रेरणादायी मुलाकात हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्व प्रशिक्षणार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। प्रशिक्षण अधीक्षक के.के. दुबे ने स्वागत भाषण में संस्था की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को साझा किया तथा प्रशिक्षणार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पूर्व प्रशिक्षणार्थियों ने अपना परिचय देते हुए संस्था में बिताए सुनहरे पलों को याद किया और अनुभव साझा किए। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य तय कर कठिन परिश्रम करने की प्रेरणा दी तथा आई टी आई के विकास में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान कई पूर्व विद्यार्थियों ने संस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अधिकारी वीरेंद्र कुमार बघेल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन चंद्र प्रकाश कश्यप ने किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से बेहतर भविष्य निर्माण में सक्रिय योगदान की अपील की। इस मौके पर प्रशिक्षण अधिकारी शिल्पी वर्मा, शिवेंद्र यादव, प्रवीण कुमार सिन्हा, टिकेश्वर साहू, संतोष कुमार चौधरी, गीतांजलि, गीतू गौतम, दिलीप गजभिए और राजेश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरी संस्था में उत्साह और अपनत्व का वातावरण नजर आया। एल्यूमनी मीट ने न केवल पुराने विद्यार्थियों को अपनी यादों से जोड़ा बल्कि वर्तमान बैच को भी प्रेरणा और दिशा दी।

